Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding decision to shutdown Doordarshan Kendra in Saharsa in Madhepura Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (मधेपुरा): नेपाल देश की फ्रीक्वेंसी को रोकने के लिए भारत सरकार ने बिहार राज्य अन्तर्गत मेरे संसदीय क्षेत्र मधेपुरा (बिहार) के सहरसा में उच्च क्षमता (20 किलोवाट) के दूरदर्शन केन्द्र की स्थापना दो दशक पूर्व करायी थी ।

उक्त दूरदर्शन केन्द्र से 20 किलोवाट DD-1 (नेशनल) एवं 100 वाट की FM सेवा चालू करायी गई थी ।

जानकारी मिली है कि उक्त दूरदर्शन केन्द्र को बंद किया जा रहा है । इस केन्द्र की स्थापना अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर अवस्थित होने के कारण हीं करायी गयी थी ।

सरकार से मांग है कि उक्त केन्द्र को बंद नहीं किया जाय एवं केन्द्र में स्थापित 100 वाट FM के स्थान पर 10 किलोवाट FM लगायी जाय, जिससे पिछड़े क्षेत्र एवं लम्बी दूरी तक के लोगों को भी FM रेडियो सुनने की सुविधा मिलेगी ।